






नवभारत
इंदौर, सोमवार, 6 जुलाई, 2026




# ज्ञानेश कुमार ने किया महेश्वर का भ्रमण

## प्राचीन और ऐतिहासिक महेश्वर किले की भव्यता का देख गदगद हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**नवभारत न्यूज**

**महेश्वर, निप्र ।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार रविवार सुबह महेश्वर पहुंचे। मां नर्मदा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा नर्मदा में नौका विहार किया। नौका विहार के दौरान उन्होंने प्राचीन एवं ऐतिहासिक महेश्वर किले की भव्यता का अवलोकन किया। उन्होंने कई तस्वीरें भी खिंचवाई।

अहिल्या घाट एवं अहिलेश्वर मंदिर परिसर का भ्रमण कर वहां की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को बारिकी से देखा तथा उसकी सराहना की।इस अवसर पर उन्होंने रेवा सोसायटी में बनने वाली महेश्वरी साड़ी के प्रोडक्शन कार्य को भी देखा साथ ही उन्होंने बुनकरों और कारीगरों से बातचीत कर साड़ी निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने राजबाड़ा परिसर स्थित देवी अहिल्याबाई होल्कर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने देवी अहिल्याबाई होल्कर की राजगादी के दर्शन कर पूजा-अर्चना भी की। मीडिया से चर्चा करते हुए ज्ञानेश कुमार ने महेश्वर के ऐतिहासिक किले, धार्मिक स्थलों एवं विश्वविख्यात महेश्वरी साड़ी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महेश्वर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है तथा इसे संरक्षित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शकुंतला रुहल, एसडीएम पूर्वा मंडलोई, एसडीओपी श्वेता शुक्ला, तहसीलदार कैलाश सत्तिया, टीआई जगदीश गोयल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।





# घंटों की कटौती से शहर बेहाल, मेंटनेंस किया या जनता का 'मेंटल-टेंस'...

**बड़वाह, निप्र ।** बड़वाह शहर सहित गाँवो में इन दिनों बिजली का हाल किसी सरकारी 'लुका-छिपी प्रतियोगिता' से कम नहीं है। लोग पंखा चालू करने का बटन दबाते हैं और उससे पहले ही बिजली रूठकर चली जाती है। अब तो हाल यह है कि शहरवासी घड़ी कम और बिजली ज्यादा देखते हैं। कुछ दिन पहले बिजली विभाग ने घंटों तक सप्लाई बंद रखकर बड़े मेंटनेंस का दावा किया। उम्मीद थी कि अब बिजली बिना बुलाए मेहमान की तरह नहीं जाएगी, लेकिन हुआ उल्टा।


मेंटनेंस खत्म होते ही कटौती ने ऐसी रफ्तार पकड़ी कि लोगों ने कहना शुरू कर दिया कि लगता है तारों की नहीं, हमारी सहनशक्ति की टेस्टिंग चल रही है। शहर में अब नया मजाक चल पड़ा है कि बिजली का कोई टाइम टेबल नहीं, बल्कि 'मूड टेबल' है। विभाग का मूड अच्छा रहा तो सप्लाई, नहीं तो अंधेरा ही अंधेरा। व्यापारियों का कहना है कि ग्राहक दुकान में सामान कम और बिजली आने की खबर ज्यादा पूछ रहे हैं। घरों में बच्चे पढ़ाई छोड़ मच्छर गिन रहे हैं, बुजुर्ग हाथ वाले पंखे से हवा करते-करते थक चुके हैं और महिलाएं रसोई में यह सोचकर परेशान हैं कि गैस पहले बंद होगी या बिजली। सबसे दिलचस्प नजारा रात में देखने को मिलता है। जैसे ही लोग सोने की तैयारी करते हैं, बिजली भी छुट्टी पर निकल जाती है। फिर पूरा मोहल्ला एक साथ बाहर निकल आता है। कोई आसमान देखता है, कोई ट्रांसफार्मर, तो कोई मोबाइल की टॉर्च। चौराहों पर चर्चा है कि विभाग ने शायद नया फॉर्मूला बना लिया है— 'पहले बिजली काटो, फिर जनता की सहनशक्ति नापो।' लोग तंज कस रहे हैं कि अगर यही व्यवस्था रही तो जल्द ही शहर में इन्वर्टर और मोमबत्ती वालों का कारोबार सबसे ज्यादा चमकेगा।




## एक नजर में

### सिरलाय में आस्था का अद्भुत नजारा

**बड़वाह , निप्र ।** बड़वाह जय गोविंदा जय गोपाल मात श्री नर्मदे हर के जय घोष से गुंजयमान ग्राम सिरलाय में आस्था का अद्भुत नजारा यथेष्ठ ग्रुप एवं श्री तिरुपति ग्रीन्स कालोनी के सहयोग से 41 फिट ऊंची भव्य तिरुपति बालाजी की प्रतिमा जोकि बडवाह विधानसभा में पहली बार आवरण शनिवार रात्रि 8 बजे किया साधु संतों की उपस्थिति में यथेष्ठ ग्रुप के कालोनाइजर सोनू तंवर लक्ष्मण काग व महेश गुर्जर ने अनावरण करते हुए हाइवा क्रेन की मदद से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन अर्चन किया। तिरुपति भगवान की विशाल प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की।पश्चात सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में नर्मदा अष्टक के साथ मां नर्मदा व श्री तिरुपति बालाजी की भव्य महाआरती एवं आतिशबाजी की गई।रविवार को सुबह 11 बजे महाप्रसादी भोग का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा ग्रहण की गई। यथेष्ठ ग्रुप इंदौर के सोनू तवर एवं श्री तिरुपति ग्रीन्स कालोनीनाइजर लक्ष्मण हरेसिंह काग ने बताया कि भगवान तिरुपति बालाजी की प्रतिमा को अलौकिक और अद्भुत बताते हुए कहा कि इस प्रतिमा से अब श्री तिरुपति ग्रीन्स कॉलोनी क्षेत्र को जाना जाएगा। हमलोग भाग्यशाली है कि क्षेत्रवासियों को भगवान तिरुपति बालाजी की प्रतिमा के दूर दराज से भी दर्शन करने का सौभाग्य मिल जाएगा। लक्ष्मण काग ने बताया कि श्री तिरुपति ग्रीन्स कालोनी जनवरी माह में भगवान तिरुपति बालाजी की मूर्ति के निर्माण का कार्य शुरू किया गया था।इस प्रतिमा को इंदौर के कारीगरों ने बनाया है।मूर्ति 41 फीट ऊंची है, जो 05 फीट ऊंचे चबूतरे पर विराजमान है। इस मूर्ति को छः माह में बनाकर पूरी तरह तैयार किया गया है। प्रतिमा अनावरण के भव्य धार्मिक आयोजन में समाजसेवी भुवनेश सेंगर,रोमेश विजयवर्गीय,महिम ठाकुर,सीटू राजपाल, अशोक तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया।



### जयघोष के साथ की गई प्राण प्रतिष्ठा, धर्ममय हुई नगरी, किया बहुमान

**कसरावद, निप्र ।** नगर के श्वेताम्बर जैन समाज के श्री राजेन्द्रसूरी दादावाड़ी मंदिर में रविवार को चार प्रतिमाओं के साथ सिद्ध चक्र पट स्थापना के साथ भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय आयोजन से पूरा नगर धर्ममय हो गया। भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत रविवार सुबह 8 .45 बजे के शुभ मुहूर्त में हुई। परम पूज्य मसा पट्टप्रभावक, गच्छाधिपति, श्रीमद्विजय नित्यसेनसुरीशवर म सा के साथ मुनिश्री सिद्धरत्नविजय जी मसा, मुनिश्री विद्धदृरतनविजय जी मसा, मुनिश्री प्रशमसेनविजय जी मसा, मुनिश्री अजितसेनविजय जी मसा, मुनिश्री तारकरत्नविजय जी मसा, मुनिश्री निर्भयरत्नविजय जी मसा, मुनिश्री अध्यात्मसेनविजय जी मसा, मुनिश्री अर्हमरोजविजय जी मसा के परम सानिध्य में युग पर्वतक श्रीमद्विजय जयंतसेनसुरिश्वर जी मसा की मूर्ति के लाभार्थी परिवार अशोक चांदमल लूणीया परिवार द्वारा विधि विधान से प्रतिष्ठा की। इसके साथ ही मणिभद्र वीर की प्रतिष्ठा का लाभ सुरेशचंद लूणीया एवं निर्मल लूणीया प्रेमराज परिवार, अधिष्ठानायक देव की प्रतिष्ठा का लाभ अमित तिलोकचंद कवाड़ परिवार द्वारा, अधिष्ठायक देवी का चढ़ावा गौतम पुखराज वागरेचा परिवार एवं सिद्ध चक्र पट स्थापना की प्रतिष्ठा का लाभ सुनील कवाड़ परिवार को मिला। प्रतिष्ठा के अवसर पर आचार्य श्री के जयकारो एवं जयघोष से पूरा पांडाल गुंजायमान हो गया। प्रतिष्ठा के पश्चात धूमधाम से आरती हुई। कार्यकम में दादावाड़ी ट्रस्ट द्वारा प्रतिष्ठा महोत्सव के लाभार्थी अशोक चांदमल लूणीया परिवार का शाल श्रीफल के साथ अभिनंदन पत्र भेंटकर बहुमान किया। इसके साथ ही ट्रस्ट द्वारा अशोक जी सोनपुरा, तिलोक काकरिया एवं जयेश जैन कुक्षी का शाल एवं स्मृति चिन्ह से बहुमान किया साथ ही संगीत टीम के राजू जैन, कैलाश जैन एवं मुकेश जैन व अन्य लाभार्थियों का भी शाल श्रीफल से बहुमान किया गया। कार्यकम का संचालन दादावाड़ी प्रवक्ता नीतीश लूणीया ने किया एवं आभार अध्यक्ष विकास रायली ने माना।

### कांग्रेस में विभाग और प्रकोष्ठों को संगठित कर किया जाएगा सक्रिय : रवि नाईक

**खरगोन, निप्र ।** संगठन सृजन के अगले चरण में कांग्रेस पार्टी में समस्त विभाग एवं प्रकोष्ठों का पुनर्गठन कर उन्हें सक्रिय किया जाएगा ताकि आने वाले चुनाव में पूरी ताकत के साथ कांग्रेस पार्टी मैदान में उतर सके उक्त बातें जिला कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई प्रकोष्ठों के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों की बैठक के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने कही। उन्होंने कहा कि विभाग और प्रकोष्ठों की नियमित बैठकों के साथ मैदानी स्तर पर सक्रिय होना नितांत आवश्यक है। जिला कांग्रेस कार्यालय में आज प्रात : 10 :00 बजे से प्रकोष्ठों की बैठक का क्रम प्रारंभ हुआ जिसमें सबसे पहले 10 :00 बजे जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न हुई जिला अध्यक्ष डॉ शुभम जायसवाल ने रूपरेखा बताते हुए कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ के माध्यम से पूरे जिले में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर एवं हेल्थ अवेयरनेस के कार्यक्रम चलाए जाएंगे। चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके पश्चात दोपहर 12 :00 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में आदिवासी कांग्रेस की बैठक संपन्न हुई जिसमें आदिवासी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के प्रभारी नंदू रावत ने कहा कि शीघ्र ही खरगोन जिले में आदिवासी कांग्रेस का प्रशिक्षण लगाया जाएगा जिसमें कांग्रेस और आदिवासी समाज के परस्पर संबंधों पर चर्चा होगी। आदिवासी अध्यक्ष दिनेश मुकाती ने आदिवासी कांग्रेसी गतिविधियों की जानकारी। इसके पश्चात दोपहर 2 :00 बजे सोशल मीडिया आईटी सेल की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस सोशल मीडिया के अध्यक्ष महेंद्र जाट ने कहा कि हमारे जिले में सोशल मीडिया टीम का गठन किया जा चुका है अब हम अगले चरण में ब्लॉक स्तर पर आईटी सेल की वर्कशॉप लगाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश सोशल मीडिया के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कांग्रेस संगठन द्वारा सोशल मीडिया किस प्रकार संचालित किया जाए इसकी जानकारी प्रस्तुत की। दोपहर पश्चात 3 :30 खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न हुई जिसमें जिला अध्यक्ष शेख रहमान ने संगठन की समुचित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया उन्होंने बैठक में कहा कि खरगोन जिले में खेलों की सुविधा नाम मात्र है और प्रतिभाएं असीमित ऐसी स्थिति में सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ पाते है।खेल खिलाड़ी प्रकोष्ठ के साथी खेल सुविधाओं को लेकर के अपनी मांग शासन तक पहुंचाएं।

# मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने कैबिनेट मंत्री सत्यभूषण का किया स्वागत



**महेश्वर, निप्र ।** मध्य प्रदेश लघु विकास निगम के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सत्य भूषण सिंह सपरिवार महेश्वर पहुंचे । जहां रेस्ट हाउस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात मंत्रीजी ने नगर के प्रसिद्ध मंदिर राजराजेश्वर तथा काशी विश्वनाथ मंदिर में महादेव के दर्शन किए तत्पश्चात नर्मदा तट पर मां नर्मदा के दर्शन व पूजन कर बाणेश्वर मंदिर में भी पूजा की।

भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, महादेव पाटीदार मैं भगवा दुपट्टा तथा पशु माला पहना हुए स्वागत किया। इस अवसर पर रवि चौहान, राम सेन, संजय पाटीदार, गजू खरे, दीपक यादव, गबू यादव, कृष्ण यादव, दीपक ढाले, सावन तिवारी, उज्वल पाटीदार, संजय पाटीदार, कमल चोहान, लखन पिपलदे, रोहित कटारे, प्रवीण मंडलोई, राजेंद्र सिवदे कैलाश वर्मा, अशोक गुजर, यशराज यादव, सयंक जासवाल, यशराज मुकाती सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विहिप-बजरंग दल सेवा सप्ताह में गायत्री मंदिर तिराहे पर संभाली ट्रैफिक व्यवस्था



**खरगोन, निप्र ।** विश्व हिन्दू परिषद/ बजरंग दल का सेवा सप्ताह रविवार को शुरु किया गया। सेवा सप्ताह के पहले दिन संत सियाराम प्रखंड कार्यकर्ताओं ने गायत्री मंदिर तिराहे पर यातायात व्यवस्था संभाली।

कार्यकर्ताओं ने समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ यातायात पुलिस के सहयोग से यातायात को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई।कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर वाहनों की व्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित की। जाम की स्थिति बनने से रोका। एम्बुलेंस व अन्य आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता के साथ मार्ग उपलब्ध कराया। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।जिला प्रचार.प्रसार प्रमुख रजत मुंशी ने बताया सेवा सप्ताह का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रभावना का संदेश पहुंचाना है। आगामी दिनों में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच शिविर, मेडिकल कैंप, मंदिर एवं श्मशान घाटों में स्वच्छता अभियान तथा वृक्षारोपण सहित विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे।

# आंबेडकर पार्क में धूमधाम से मनाया अधिवक्ता अजय भालसे का जन्मदिन

**खरगोन, निप्र ।** जिला न्यायालय खरगोन के अधिवक्ता अजय भालसे का जन्मदिन शनिवार को अंबेडकर पार्क में मित्रों, शुभचिंतकों एवं समाजजनों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद केक काटकर सभी ने अजय भालसे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



अजय भालसे ने अपने जीवन संघर्ष को साझा करते हुए बताया कि उनका जन्म ग्राम कुमारखेड़ा के एक साधारण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में हुआ।बचपन में ही माता-पिता का साया सिर से उठ जाने के कारण परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। परिवार में सबसे छोटा होने के कारण उन्होंने खेतों में मेहनत-मजदूरी करते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखी तथा अपने भाई-बहनों की शिक्षा का दायित्व भी निभाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के शिक्षा, संघर्ष और आत्मसम्मान के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना किया और निरंतर मेहनत के बल पर आज जिला न्यायालय खरगोन में अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने युवाओं से भी शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा हथियार बनाकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# डॉ . भालके की स्मृति में लगे स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर, समाजजनों ने लिया लाभ

**खरगोन, निप्र ।** मां रेवा न्यास के संस्थापक स्व. डॉ. पीएस भालके की पुण्य स्मृति में रविवार को मां रेवा न्यास ट्रस्ट जैतापुर में विशाल स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर सर्वब्राह्मण समाज के लिए आयोजित किया गया था। शिविर में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने ब्राह्मण समाज के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

बीपी, शुगर, हृदय रोग और अन्य सामान्य जांचें की गईं। चिकित्सकों ने मौजूद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। शिविर की विशेषता रही कि इसमें समाजजनों ने दूसरों को जीवन देने अपना अमूल्य रक्त भी स्वैच्छा से दान किया। शिविर में ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. विनय सिंह चौहान, ब्लड बैंक प्रभारी सचिन चौहान ने भी सेवाएं दी। शिविर में 18 यूनिट रक्तदान किया गया। समाज के युवाओं और वरिष्ठजनों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। शिविर में डॉ. विराज भालके ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके जज्बे की सराहना की। श्रीमति भालके ने कहा कि हर पेशे का अपना महत्व है, लेकिन समाज के लिए चिकित्सकों के पेशे से बढ़कर कोई दूसरा नहीं है। डॉक्टरों में मरीजों की जान बचाने की क्षमता होती है। स्व. भालके ने भी अपने जीवन में स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्हीं की प्रेरणा से हम हर साल यह शिविर आयोजित करते हैं। इस दौरान नार्मदीय ब्राह्मण समाज युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रबल भार्गव ने रक्तदान किया।

# एकता शिक्षा निकेतन में बाबा साहब के चल समारोह में प्रस्तुति देने वाले बच्चे और अतिथि सम्मानित

**खरगोन,निप्र ।** संविधान निर्माता, विश्वरत्न बोधिसत्व डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य चल समारोह में एकता शिक्षा निकेतन के बच्चों द्वारा उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों के इस सराहनीय प्रदर्शन और कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के सम्मान में स्कूल परिसर में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के संचालक अनवर पठान द्वारा डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद, चल समारोह में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अतिथियों का रहा गरिमामय सानिध्य इस गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप करौंदिया जी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नितेश आदित्य, उदय कुमार रामटेके, हुकुम कोचले जी, दिलीप पंचोली, निर्मल पवार जी, पूर्व पार्षद नीला भाई सांवले, दुर्गाबाई सवल्दे और राजेश खांडे जी शामिल हुए। संस्था द्वारा सभी सम्मानीय अतिथियों का शाल-श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया।

**वार्डवासियों में दिखा उत्साहः-** इस अवसर पर स्कूल स्टाफ से, मीरा मैडम, आलिया खान मैडम और नरेंद्र सावल्दे सहित वार्ड क्रमांक 33 रहीमपुरा के गणमान्य नागरिक, बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और संस्था के इस प्रयास को सराहा।

# धूमधाम से मनाएंगे कारगिल विजय दिवस

**खरगोन, निप्र ।** कारगिल युद्ध में देश की विजय की 26वीं वर्षगांठ पर जिला पूर्व सैनिक समिति खरगोन द्वारा 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस समारोहकिया जाएगा। समिति के कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेहरजा स्थित गायत्री मंदिर में जिले भर के पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों का मिलन समारोह रखा गया है।

कार्यक्रम में जिले के सभी सैनिकों के साथ शहीदों के परिवारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि समारोह में बच्चों को देशभक्ति और खेलकूद के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए शील्ड और प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और परिवारों के लिए बड़े खाने का आयोजन भी किया गया है। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता करेंगे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश कुमरावत द्वारा किया जाएगा।

# सहकारी भारती ने मनाया सहकारिता दिवस, उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं का किया सम्मान

**खरगोन, निप्र ।** सहकार भारती एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को सहकारिता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। जिला सहकारी बैंक के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बिन सहकार नही उद्धार, बिन संस्कार-नही सहकार के संकल्प को दोहराया गया।

अतिथि राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश प्रभारी दिलीप पाटील ने कहा कि समारोह का उद्देश्य सहकार से समृद्धि की भावना को बढ़ावा देना व ग्रामीण विकास को पहचानना और नई पीढ़ी को सहकारिता के सिद्धांतों से जोडना है। आज जिन संस्थाओं को सम्मानित किया जा रहा हैए उन्होंने आधी सदी या उससे भी अधिक समय से समाज व अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संगठन मंत्री मालवा प्रांती धर्मेंद्र दांगी ने सहकार भारती का उद्देश्य एवं सहकार भारती के माध्यम से किसानों के साथ हितग्राहियों को मिल रहे लाभ एवं इन योजनाओं का किस तरह लाभ उठाया जाएए इसकी विस्तार से जानकारी दी। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश रत्नपारखी ने कहा कि सहकार भारती केवल खेतीण् किसानी तक सीमित न रहकर अब शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी पैठ बना रही है। बिन सहकार नही उद्धार के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार नित नए प्रयोग, नवाचार कर रही है। जिलाध्यक्ष श्याम पांडे ने सहकार गीत दोहराया। पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप जोशी ने कहा कि हर किसानए जरुरतमंद हितग्राही को समान रुप से योजनाओं का पारदर्शिता से लाभ मिलेए इसके लिए डिजिटल व्यवस्थाएं की जा रही है। संचालन किया राजपाल जाट ने किया। आभार कपूर चंद पाटीदार ने माना। जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा, सह मीडिया प्रभारी श्याम गुप्ता ने बताया समारोह में अतिथियों ने सीसीबी प्रबंधक संध्या रोकड़ें की उपस्थिति में 50 वर्षों से अधिक समय तक उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहकारी समितियों तथा संस्थाओं को सम्मानित किया।

## एक नजर में
### चार महीनों से बिजली का पोल पड़ा ओंधे मुंह

# बिस्टान में विद्युत विभाग कर रहा अनदेखी

**नवभारत न्यूज**

**बिस्टान, निप्र ।** नगर परिषद क्षेत्र से जुड़े ग्राम बन्हैर में विद्युत विभाग कि बड़ी लापरवाही सामने आई है। बता दें कि बिजली विभाग कि इस हरकत का खामियाजा कभी भी लोगों को भुगतना पड़ सकता है। दरअसल एमपीईबी के कर्मचारीयों कि अनदेखी के चलते गांव में कई स्थानों पर बिजली के वायर खुले अवस्था में पड़े हुए हैं।



कई जगहों पर बिजली के खुले तार घरों पर लटक रहे। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि वार्ड क्रमांक 13 में बिजली का मोटा तार महज सिर्फ जमीन से सात फिट कि ऊंचाई पर है। ऐसे कई और जगहों पर बिजली के पोलो पर भी कचरा जमा हो गया है। अब ऐसे में बारिश के मौसम में कभी भी कोई बड़े हादसे को न्योता देना स्वाभाविक है। लेकिन बिजली विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों और खुद विभाग का इस और ध्यान नहीं है। जबकि बिजली विभाग के जिम्मेदार कर्मचारीयों का रोजाना सुबह-शाम गली मोहल्लों से गुजरना होता है। लेकिन हद तो तब हो गई जब पिछले चार महीनों से बिजली का पोल जमीन के बल अभी भी ओंधे मुंह गिरा पड़ा है। अभी भी इस और विभाग के किसी भी नुमाइंदे का ध्यान नहीं गया। ऐसे में अब बड़ा सवाल यह उठता है कि बिजली विभाग कि इस बड़ी लापरवाही और अनदेखी के चलते बारिश के मौसम में अगर कोई बड़ा हादसा होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। अब सबकी नज़रे बिजली विभाग के कर्मचारियों के द्वारा आम जनता कि सुरक्षा व्यवस्था पर टिकी हुई है। आगे देखना होगा कि इस खबर का बिजली विभाग और ओहदेदार कर्मचारियों पर क्या असर पड़ेगा। या फिर विभागीय स्तर पर सुस्त कार्रवाई को अंजाम देकर तोबा करेगा बिजली विभाग। यह देखना होगा अब।

# नगर के एकांश जैन ने पेटेंट किया फाइल

**सनावद, निप्र ।** नगर के प्रतिभावान एकांश जैन द्वारा Wi - Fi सिगनलों में आने वाली त्रुटियों को दूर कर अधिक सटीक बनाने हेतु पूर्व मे पेटेंट फाइल किया थाद्य जिसे स्वीकृति प्रदान कर दी गई है द्य पेटेंट का विषय विवरण ' ' U.S. patent (Patent No. 12,671,610), ÒAliasing Removal for Wireless Channel Captures,Ó on June 30, 2026.' ' यह आविष्कार Wi-Fi सिग्नलों में आने वाली त्रुटियों को दूर करके उन्हें अधिक सटीक बनाता है।



इससे सामान्य Wi-Fi डिवाइस बिना महंगे हार्डवेयर के आसपास की गतिविधियों और वातावरण में होने वाले बदलावों को बेहतर तरीके से पहचान सकते हैं। इसे ऐसे समझें जैसे धुंधली तस्वीर को साफ़ कर दिया जाए, जिससे असली दृश्य स्पष्ट दिखाई देने लगे। यह तकनीक स्मार्ट होम, लोगों की उपस्थिति का पता लगाने, स्वास्थ्य निगरानी और सुरक्षा जैसी कम लागत वाली स्मार्ट सेवाओं को अधिक प्रभावी बना सकती है। आपका छोटा भाई रिश्विक भी आपके पदचिन्हों पर चलकर सौंदर्य प्रसाधन के क्षेत्र एवं ध्यान से स्वास्थ्य और शांति प्राप्ति हेतु विषय पर रिसर्च कर जीवन को बेहतर अग्रसर करने हेतु कार्य किया जा रहा है द्य आपकी जीवन संगिनी दीपांशी एक्जीक्यूटिव इंजीनियर आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना उनका व्यक्तित्व है।